हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 26 अगस्त 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 ऑपरेशन सुरक्षा की गूंज...जतारा पुलिस ने...



07 जयकारों से गुंजायमान रहा मां पार्वती का दरबार...



## खबर संक्षेप

### संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने किया निरीक्षण

**सागर।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग सागर एम कुमार द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. सागर में प्रार्थना सभा के दौरान आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें संपूर्ण प्रार्थना सभा के प्रस्तुतीकरण की प्रशंसा करते हुए प्रेरक उद्बोधन दिया जिसमें उन्होंने कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपनी गति उसके अनुरूप बनाएं और चरित्र निर्माण पर विशेष बल दिया। प्रार्थना सभा में छात्र योगिता पटेल कक्षा नवमी को जन्मदिन पर उपहार एवं शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि जन्मदिन पर हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि मेरा जन्म क्यों हुआ उसे उद्देश्य प्राप्ति के लिए हमें सतत प्रयास रहना चाहिए। शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. वि. सागर में संचालित पीएम श्री विद्यालय में ओजस्विनी कार्यक्रम 2025-26 हेतु संभागीय मास्टर टेनिस प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### हाईवे पर मवेशियों की रोकथाम हेतु की जा रही है कार्रवाई

**सागर।** जिले में हाईवे पर यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर संदीप जी आर एवं परियोजना निदेशक, एनएचएआई सागर के निर्देशानुसार हाईवे से मवेशियों को निरंतर हटाया जा रहा है। यह अभियान सड़क पर चलने वाले वाहनों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। कई बार मवेशियों की वजह से हाईवे पर रात्रि के समय दुर्घटनाएं की समस्या के समाधान हेतु प्रशासन ने मवेशियों के गले में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव पट्टियाँ बांधी जा रही है।

### वैश्विक चुनौतियों का समाधान पर व्याख्यान 11 सितम्बर को

**सागर।** मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार में 11 सितम्बर को वैश्विक चुनौतियों का समाधान और भारतीय दृष्टिकोण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। ज्ञातव्य है कि 11 सितम्बर को स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो में विश्व धर्म संसद को संबोधित करने के 132 वर्ष पूरे हो रहे हैं। व्याख्यान कार्यक्रम के आयोजक युवा नेता अविराज भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि "वैश्विक चुनौतियों का समाधान और भारतीय दृष्टिकोण" विषय पर व्याख्यान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के देश के प्रमुख विचारक मार्गदर्शन करेंगें। व्याख्यान में सागर संभाग के युवा, बुद्धीजीवी वर्ग सहित अन्य गणमान्य जन को आमंत्रित किया गया है। व्याख्यान का समय दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक रहेगा एवं कार्यक्रम का स्थान महाकवि पद्माकर सभागार मोती नगर चौराहा सागर है।

### केज कल्चर यूनिट स्थापित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**सागर।** सागर जिले में मत्स्य उत्पादन को बढावा देने के उद्देश्य से 100 हेक्टेयर से अधिक औसत जलक्षेत्र वाले जलाशयों में केज कल्चर यूनिट स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए इच्छुक व्यक्तियों से 15 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति जो मत्स्य पालन में रुचि रखता हो वह आवेदन कर सकता है। इसके लिए सागर जिले के छह जलाशयों को इस योजना के लिए चुना गया है इन सभी जलाशयों का कुल औसत जलक्षेत्र 100 हेक्टेयर से अधिक है। योजना के तहत इन जलाशयों के एक प्रतिशत जलक्षेत्र पर केज यूनिट का निर्माण प्रस्तावित है। योजनान्तर्गत प्रति केज यूनिट की अनुमानित लागत 3 लाख रुपयें (1.5 लाख रुपयें स्थापना और 1.5 लाख रूपयें इनपुट्स के लिए) है। यह पूरा खर्च आवेदक को स्वयं वहन करना होगा क्योंकि इस योजना में किसी भी प्रकार के अनुदान का प्रावधान नहीं है। प्रशासन द्वारा आवेदकों को केवल जलक्षेत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

### सागर से छतरपुर निर्माणधीन सड़क का कार्य तेजी से कराएं

# वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से कराएं, बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुलों पर बेरिकेड और सूचना पटल लगवाएं : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए है। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग के कई जिलों में बाढ की स्थिति निर्मित होने के कारण सडके क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सागर संभाग में सडके कहां-कहां क्षतिग्रस्त हुई है और क्षतिग्रस्त सडकों की किस स्तर पर मरम्मत की गई है इसकी जानकारी भी मुझे प्रेषित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि सागर संभाग के कुछ क्षेत्रों में अतिवर्षा के कारण पुल भी क्षतिग्रस्त हुए है।

कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि निर्माण विभागों के अधिकारी ऐसे सभी क्षतिग्रस्त पुलों को चिन्हित करें तथा दुर्घटनाओं से बचने के लिए क्षतिग्रस्त पुलों पर सूचना पटल और बेरिकेटस भी लगाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए है कि क्षतिग्रस्त पुलों की सतत निगरानी के लिए किसी जबावदेह कर्मचारी की डयूटी भी लगाएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज निर्माण कार्यो की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में सागर से छतरपुर निर्माणधीन फोरलेन सड़क निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि इस मार्ग का तेजी से निमार्ण कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि इस सड़क के निर्माण में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं होना चाहिए। बैठक में सेतु निर्माण विभाग के कार्यो की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलों के निर्माण के बाद अप्रोच रोड का निर्माण भी तत्काल कराएं तथा सभांग के ऐसे सभी नवनिर्मित पुलों के निर्माण के तत्काल बाद पुलों में आवागमन प्रारंभ कराएं। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में नव निर्मित पुलों में आवागमन में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं होना चाहिए।

बैठक में सागर संभाग में स्कूल भवनों के निर्माण की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में सांदीपनी स्कूलों भवनों का निर्माण तेजी से पूर्ण कराएं। बैठक में कमिश्नर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराएं जा रहे सागर से बीना मार्ग, ओरछा से टीकमगढ़, टीकमगढ़ से शाहगढ़ एवं बंडा से टीकमगढ और टीकमगढ से बडामलहरा मार्ग के निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त सडकों का निर्माण तेजी से पूर्ण कराया जाएं। उन्होनें कहा कि भू-अर्जन के कार्य में गतिरोध होने पर इसकी जानकारी मेरे संज्ञान में लाई जाए।

बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को कमिश्नर को अवगत कराया कि नरसिंहपुर से सागर, सागर से लखनादौन मार्ग के मेनटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही इस मार्ग पर ओहर लिंक का भी कार्य किया जा रहा है। बैठक में कमिश्नर द्वारा ग्रामीण सडक योजना के कार्यो की भी समीक्षा की गई । समीक्षा के दौरान अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सागर संभाग में ग्ार्मीण सडक योजना के अंतर्गत लगभग 134 कार्य स्वीकृत हुए है। जिसमें 123 कार्य पूर्ण हो चुके है। बैठक में कमिश्नर द्वारा लोक निर्माण विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राकेश शुक्ला सहित लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण विभाग, एवं अन्य विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## चालिहा 40 दिन का व्रत पूरा : बहराणा साहिब ज्योति चकराघाट में विसर्जित

**सागर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली द्वारा भगवान झूलेलाल का 40 दिन व्रत एवं महोत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। राजेश मनवानी ने बताया कि सोमवार को धूमधाम से झूलेलाल चालीहा महोत्सव की पूर्णाहुति की गई। सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल जी के 40 दिनों तक व्रत एवं पूजा कर प्रतिदिन आरती कर यह पर्व मनाया जाता है । समापन पर सुबह 7 बजे चालिहा हाल में विजय लालवानी के भजनो ने नाचने पर मजबूर कर दिया तो वही 8:30 बजे भगवान झूलेलाल जी की आरती लालाराम मेठवानी द्वारा पलव पाकर अरदास की गयी देश में खुशहाली की । चालिहा हाल में महिलाओ एवं युवतियों ने सिंधी शैज पर घूब डांस किया । महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत ने बताया की हर सप्ताह प्रतियोगिताएँ होती रही और सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया । झूलेलाल चालिहा हाल में सुबह 8 बजे प.श्रीधर शर्मा ने हवन पूजन करके चालिहा का समापन्न कराया । सुबह 10 बजे बहराना साहिब की सवारी के साथ झूलेलाल जी की मूर्ति के समाज के लोगो ने दर्शन किये और आगे अखंड ज्योति (बहराणा साहिब) की शोभायात्रा विशाल चल समारोह पूज्य बहराणा साहब बैंड बाजे एवं सिंध की शहनाई की मधुर सुर लहरी के मध्य सिंधी कॉलोनी से विभिन्न मार्गों से होकर बहराणा साहिब की शोभायात्रा निकाली गयी । मंडली के लालाराम मेठवानी, सुरेश मोहनानी, प्रेम प्रथ्यानी, पवन वाधवानी,वीनू आहूजा, अजय पंजवानी, सोनू गुरनानी, विजय लालवानी, शुभम श्यामनानी, पंकज चांदवानी ने बताया की शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर से गीता भवन गली से होकर गुरुनानक कॉलोनी, कुकरेजा गली, मनवानी गली, शास्त्री वार्ड से होकर सिंधी गुरुद्वारा से झूलेलाल मंदिर दोप 1 बजे पहुंची शोभायात्रा में सिंधी समाज के लोगो ने अपने घरो की छतो से फूलो की वर्षा की और घरो के सामने बहराणा साहिब का स्वागत किया ।



## तनाव प्रबंधन से सुधारात्मक कार्य और दायित्व निर्वाह को ठोस आधार मिलता है : डॉ दिवाकर

**सागर।** किसी भी कार्य को सही तरीके से संपन्न करने के लिए तनावमुक्त वातावरण की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। शांत चित्त और एकाग्रता के साथ किये जाने कार्य अपेक्षाकृत ज्यादा सार्थक होते हैं। यह विचार दिये प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जेल अधिकारियों को व्याख्यान देते हुए। प्रोफेसर राजपूत ने कहा कि जेल एवं सुधारात्मक सेवा विभाग में कार्यरत जेल अधिकारी एवं कर्मचारी जेल अन्तर्वसियों के सुधार के लिए कार्य करते हैं। उनके सुधार हेतु शिक्षा, रोजगार प्रशिक्षण, योग, बागवानी और अनुशासन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ ही तनाव प्रबन्धन भी सकारात्मक भूमिका निभाता है। केंद्रीय जेल सागर में जेल प्रशिक्षण संस्थान में रिफ्रेशर कोर्स में व्याख्यान देते हुए प्रोफेसर राजपूत ने तनाव प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की और जेल अधिकारियों कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जेल मुख्यालय, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के तत्वावधान में केंदीय जेल सागर के प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया गया।

# मिट्टी गणेश के लिए सेव वाटर के साथ सेव सॉइल के संदेश को दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सेव वाटर के साथ सेव सॉइल के संदेश को बताने मिट्टी से बनी प्रतिमा को खरीदने या स्वयं बनाने के लिये प्रेरित करने नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने जागरूकता कार्यक्रम किया। सारिका ने बताया कि मिट्टी गणेश का महत्व धार्मिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से है. इसके साथ ही धार्मिक ग्रंथों के अनुसार मिट्टी की मूर्ति से बनी गणेश प्रतिमा को ही पवित्र और शुद्ध माना जाता है । मिट्टी की मूर्ति पर्यावरण को प्रदूषित नहीं करतीं, जिससे जलीय जीवों की रक्षा होती है । सारिका ने बताया कि आप ध्यान रखें कि मिट्टी भी प्रकृति का अनमोल उपहार है। लाखों वर्ष की प्रक्रिया के बाद मिट्टी बनती है। अतः आप सेवसाईल अर्थात मिट्टी बचायें के संदेश को ध्यान में रखते हुये या तो स्वयं मूर्ति बनायें अथवा बाजार से खरीदें । स्वयं बनाना और बाजार से भी मूर्ति खरीदकर लाना ये दोनो काम एक साथ करके आप मिट्टी का अपव्यय करते हैं । अच्छा होगा कि आप बाजार से प्रतिमा क्रय करके लायें इससे कुछ परिवारों के व्यवसाय को बढ़ाने में आप मददगार हो सकते हैं । आप पर्यावरण और कौशल के साथ आर्थिक चक्र को भी ध्यान में रखें । सारिका ने कहा कि अगर आप मिट्टी की प्रतिमा स्वयं बनाना चाहते हैं तो घर पर या किसी वर्कशॉप में बना सकते हैं । ध्यान रखिये मिट्टी से प्रतिमा बनाने की कार्यशाला के लिये मिट्टी पर बैठना आवश्यक नहीं है । आप इसे अपनी सुविधानुसार फर्नीचर पर बैठकर भी बना सकते हैं ।



## अहिरवार महासभा की सामाजिक जागरूकता बैठक ग्राम पिथौली खुरई विधानसभा हुई संपन्न

**सागर।** अहिरवार महासभा जिला सागर की खुरई विधानसभा के ग्राम पिथोली में रखी गई बैठक मे मुख्य अतिथि एडवोकेट धनसिह अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में अन्धविश्वास पर बहुत लोग विश्वास करते हैं। इस अन्धविश्वास को हमें खत्म करने की जरूरत है और समाज में फैली कुरूतियो को भी दूर करना चाहिए और अपने बच्चों को अन्धविश्वास से शिक्षा की ओर लें जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे आराध्य देव गुरु रविदास महाराज ने अपनी वाणी में कहा है कि विधा धन अर्जित कीजिए सदा लीजिए ज्ञान रविदास बिना ज्ञान के नर कों जान अंजान। गुरु जी ने यह भी कहा है हमारे समाज के लोगों को मांस का सेवन नहीं करना चाहिए अपनी वाणी में कहा है कि बकरी पाती खात है ओकी काडी खाल जो नर बकरी खात है ओके कौन हबाल। इस तरह रविदास जी महाराज ने समाज में अनेकोनेक उपदेश दिए हैं। अगर समाज के लोग उनका अनुसरण कर लें तो उन्हें कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। कार्यक्रम में खाद्य अधिकारी दमोह राकेश अहिरवाल ने कहा कि समाज में जो महिलाएं पुरुष युवा बेरोजगार है वे स्व सहायता समूह बनाकर रोजगार से जुड़ने का प्रयास करें। शासन से जो भी मदद एवं सहयोग चाहिए वह अहिरवार महासभा के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में शंकरलाल माते ने कहा कि गुरु रविदास जी की वाणी में मनुष्य के जीवन का सार है बस हमें अनुशरण करने की जरूरत है। बैठक को डाक्टर राजकुमार अहिरवार बहेरिया व अध्यक्ष काशीराम अहिरवार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिथोली से जीवन अहिरवार, कलू माते, प्रकाश सेवारा, अमित अहिरवार बरखेड़ा, भगवान दास भैसा, प्रदीप अहिरवार सहित 40 ग्रामों से समाज जन उपस्थित थे।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद डॉ. चंद्रभान तिवारी पंचतत्व में विलीन



**सागर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद एवं चिकित्सक डॉ. चंद्रभान तिवारी का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास गोपालगंज से आरंभ होकर गोपालगंज मुक्तिधाम पहुंची। जहां उनके पुत्र उत्कर्ष ने मुखाग्नि दी। डॉ. तिवारी अपने पीछे पत्नी रजनी तिवारी,भाई ब्रजेश तिवारी, महेश तिवारी, रमेश तिवारी, राकेश तिवारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए मुक्तिधाम में उनकी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि डॉ. तिवारी मृदुभाषी, मिलनसार एवं सेवा भावी व्यक्ति थे। एक राजनेता और चिकित्सा के रूप में उन्होंने ख्याति अर्जित की, उनका जाना, क्षेत्र की जनता और कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति है। शोकसभा का संचालन सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे नें किया। अंतिम संस्कार मे महापौर प्रतिनिधि डॉं सुशील तिवारी, पूर्व सांसद डॉं आनंद अहिरवार, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, अमित रामजी दुबे, राजेश केशरवानी नरेश यादव, शैलेन्द्र ठाकुर, रुपेश यादव, डॉं डीपी चौबे, प्रकाश चौबे, डॉं. पी एस ठाकुर, शैलेन्द्र तोमर, रामनाथ यादव, जमना सोनी लक्ष्मी नारायण सोनकिया,कपिल कुशवाहा, उमाकांत मिश्र, विमल जैन, पंकज सिंघई, चार्ली गौर, राजेश चौबे, गुड्डा डायमंड, नीलेश चौधरी, आनंद हेला सहित गोपालगंज क्षेत्रवासी, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी गण सहित सेकड़ो गणमान्य लोग शामिल हुए, एवं नम आँखों से डॉं तिवारी को विदाई दी ।

## लोक सेवा केंद्रों के ऑपरेटर्स एवं नकल शाखा के कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार समस्त लोक सेवा केन्द्रों के ऑपरेटर्स एवम नकल शाखा के कर्मचारियों को लोक सेवा केंद्र के माध्यम से नकल शाखा अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को दर्ज करने एवम्-निराकरण उपरांत संबंधित आवेदक को नकल प्रदाय किए जाने हेतु प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया । नकल शाखा से आवेदन कर नकल प्राप्त करने हेतु प्रक्रिया को सरल किया गया है। अब आवेदक को नकल लोक सेवा केन्द्र से ही प्रदाय होगी। उसे किसी भी कार्यालय एवं अन्य कागजी कार्यवाही के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।प्रक्रिया अनुसार आवेदक 'सर्व प्रथम लोक सेवा केन्द्र पर आवेदन शुल्क देते हुए नकल का आवेदन लोक सेवा केंद्र में जमा करेगा, आवेदन नकल शाखा में ऑनलाइन प्राप्त होगा, शाखा द्वारा नकल तैयार की जाएगी, शाखा द्वारा नकल को तैयार उपरांत उसके प्रष्ठों की संख्या को ऑनलाइन दर्ज कर दिया जाएगा एवं नकल संबंधित केंद्र पर उपलब्ध करा दी जाएगी, लोक सेवा केंद्र ऑनलाइन दर्शित शुल्क आवेदन से प्राप्त कर नकल पर नियमानुसार टिकट चस्पा कर नकल प्रदाय की जाएगी।




## कायस्थ समाज सागर ने जन-जागरण व स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया

**सागर।** भगवान श्री चित्रगुप्त जी के आशीर्वाद एवं हनुमानजी महाराज की प्रेरणा से आज कायस्थ समाज सागर द्वारा श्री सिद्धेश्वर हनुमानजी मंदिर तिली से जन-जागरण एवं स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई । जिसमें तिली वार्ड के पार्षद मनोज चौरसिया एवं नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कायस्थ समाज सागर के जिलाध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज हनुमानजी मंदिर से जन-जागरण एवं स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है । जिसमें हमारी समाज द्वारा पहले चरण में शहर के धार्मिक स्थलों की साफ सफाई की जाएगी दूसरे और तीसरे चरण में शहर के मुख्य चौराहों की साफ सफाई की जाएगी और चौथे चरण में शहर के शमशान घाटों में वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा। जिससे मध्यप्रदेश ही नहीं सम्पूर्ण भारत में अपना सागर स्वच्छता में नंबर वन हो इसमें हम अन्य समाजों से एवं शहर के नागरिकों से भी शामिल होने की अपील करेंगे। जिससे इस अभियान को एक विशाल रूप प्रदान किया जा सके । संरक्षक दिनेश खरे प्रमोद श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय में कायस्थ समाज सागर द्वारा जो जन-जागरण एवं स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है वो आने वाले समय में शहर के सभी वार्डों में आयोजित की जाएगी और वहां के सभी समाजों के सदस्यों को भी स्वच्छता अभियान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### कुलपति डॉ. अनिल तिवारी ने सभी कैडेट्स को प्रेरक उद्बोधन दिया

# स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया सातवीं मध्य प्रदेश गर्ल्स वाहिनी, एनसीसी का दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय परिसर में सातवीं मध्यप्रदेश गर्ल्स वाहिनी, एन.सी.सी. के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. अनिल तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सभी कैडेट्स को प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कैडेट्स के साथ आत्मीय संवाद कर उनके भविष्य की दिशा हेतु मार्गदर्शन दिया। साथ ही करियर काउंसलिंग, चरित्र निर्माण एवं स्त्री सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की। साथ ही शिविर में चर्चा के दौरान कैडेट्स को यह भी समझाया कि सही कैरियर का चयन, सुदृढ़ चरित्र और आत्मविश्वासपूर्ण व्यक्तित्व ही जीवन की सच्ची सफलता होती है। वहीं बेटियों को यह प्रेरणा दी कि वे अपने साहस, आत्मविश्वास और शिक्षा के बल पर अपने जीवन को नई ऊँचाइयों तक ले जाकर समाज में एक सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं।कार्यक्रम में कर्नल एस. देशमुख ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि, एनसीसी कैडेट्स को यह शिविर उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में एक बेहतर नागरिक बनने में मदद करेगा। उन्होंने कैडेट्स को इस शिविर में मिली हुई शिक्षा को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

मेजर प्रतिभा तिवारी ने कहा कि, सभी कैडेटों से पूरे मनोयोग के साथ भाग लेने और शिविर की प्रत्येक गतिविधि से अधिकतम लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कैडेटों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ धर्म, भाषा और जातिगत बाधाओं को पार करते हुए चरित्र, ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा, कामरेडशिप तथा टीम वर्क के उच्चतम गुणों को प्रदर्शित करने की सलाह दी।

शिविर में सब मेजर धनतर् सिंह ने एनसीसी कैडिट्स की आवश्यकता एनसीसी के कार्यो और एनसीसी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि, एनसीसी एकता और अनुशासन के मूल मंत्र पर काम करती है। पूरे देष में कई संस्थानों से एनसीसी के हमारे लाखों केडिटस ने आर्मी नेवी और एयरफोर्स के माध्यम से एनसीसी का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर डॉ. अनिल तिवारी, मेजर प्रतिभा तिवारी, सब मेजर धनतर्र सिंह, प्रोद्योत कुमार दत्ता सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स व विश्वविद्यालय का स्टॉप उपस्थित रहा।

9 चोरी की वारदातों का पर्दाफाश, 7.51 लाख के जेवरात और मोटरसाइकिलें जब्त

# ऑपरेशन सुरक्षा की गूंज...जतारा पुलिस ने पकड़ा चोर गिरोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में संचालित ऑपरेशन सुरक्षा संकल्प के तहत जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के नेतृत्व में जतारा थाना प्रभारी रविभूषण पाठक ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक सक्रिय चोर गिरोह को पकड़ लिया है।

एसपी मंडलोई के निर्देशन एबं एसडीओपी गौतम के मार्गदर्शन में जतारा पुलिस की इस कार्रवाई से अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी सामने आई है, जिसमें सोने-चांदी के जेवरात और दो मोटरसाइकिलें मिलाकर कुल 7 लाख 51 हजार का माल बरामद किया गया है। सबसे बड़ी बात ये है कि पकड़े गये चोरो से 9 जगह हुई चोरियो का भी खुलासा हुआ है।

### पुलिस को देख भाग रहे युवक पर हुआ गश्ती दल को संशय

शनिवार रात थाना प्रभारी जतारा रविभूषण पाठक पुलिस टीम के साथ कस्बे में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान ख्वाजा साहब मस्जिद के पास एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे देखकर संशय होने पर पुलिस ने दौड़कर उक्त संदिग्ध ब्यक्ति का पीछा किया और कड़ी मशक्कत के बाद संदिग्ध ब्यक्ति को पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

जिसके बाद पुलिस नें अपने लहजे में संदिग्ध ब्यक्ति से पूछताछ की। जिसमें उस ब्यक्ति ने अपना नाम अखलेश केवट निवासी ग्राम खरो बताया। ज़ब कड़ाई से पूछताछ की गई तो ब्यक्ति के कबूलनामा से पुलिस के होश उड़ गये।



### गिरोह रूप में चोरी की वारदात को अंजाम देने का बना रहा था प्लान

पुलिस पूछताछ में संदिग्ध ब्यक्ति अखलेश ने कबूल किया कि वह अपने साथियों के साथ जतारा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहता है। और चोरी करने के बाद बड़े ही शातिर तरीके से रात के अंधेरे में गायब भी हो जाता है। पुलिस पकड़ में आने से पूर्व रात में भी वह ब्यक्ति अपने गिरोह के साथ चोरी की योजना बनाकर आया था। जिसके लिये वह मौका ढूंढ़ रहा था लेकिन चोरी की घटना को अंजाम देने से पूर्व ही पुलिस नें उसे धर दबोचा।



### निशानदेही पर अन्य साथी चोरों के साथ पुलिस को मिला साढ़े 7 लाख का माल

जब पुलिस ने गिरोह के अन्य साथियों के बारे में पूंछताछ की तो अखलेश की निशानदेही पर उसके साथी सौरभ घोष निवासी ग्राम बछोड़ा और राजबीर अहिरवार निवासी ग्राम बराना सहित एक अन्य आरोपी को भी पुलिस ने धर दबोचा। मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से पकड़े गए आरोपियों के पास से सोने-चांदी के गहने और मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। बरामद किये गये माल में चांदी का वजन एक किलो 99 ग्राम है, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 24 हजार आंकी गई है। सोना 49 ग्राम निकला, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख 87 हजार है। इसके अलावा दो मोटरसाइकिलें भी बरामद हुईं, जिनकी कीमत 1 लाख 40 हजार के करीब है। इस तरह कुल 7 लाख 51 हजार रुपये की भारीभरकम जब्ती की गई।

### जतारा क्षेत्र में ही ताबड़तोड़ 9 जगह की गई चोरी की वारदातें

पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि पकड़े गये गिरोह ने जतारा कस्बे और आस-पास के गांवों में लगातार 9 चोरी की वारदातें की थीं। इनमें जतारा मस्जिद की पेटी से नगदी चोरी, ग्रामीण इलाकों में घरों से जेवरात और नगदी चोरी, ग्राम जरुआ से जेवरात चोरी, ग्राम सगरवारा व मुहारा में भी चोरी, न्यू कोर्ट कॉलोनी में घुसकर चोरी, जतारा के 3 घरो में चोरी, गांधी ग्राम में चोरी, मोटरसाईकिल चोरी की घटनाएं शामिल हैं। पुलिस की इस उपलब्धि में जतारा थाना प्रभारी रविभूषण पाठक के साथ उप निरीक्षक एनएस ठाकुर, एएसआई राजेन्द्र सिंह यादव, प्रधान आरक्षक अमरचंद्र अहिरवार, नरेंद्र लोधी, बृजकिशोर वर्मा, अनुराग चंदेल तथा अन्य आरक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। महिला आरक्षक सोनम यादव और शालिनी लखेरा ने भी सराहनीय योगदान दिया।

पुलिस जन सहयोग की नई मिसाल ग्राम संवाद शिविर

# ग्रामीणों को मिला सुरक्षा का भरोसा, समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जन जन को सुरक्षा का भरोसा व उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम संवाद शिविर की शुरुआत की है। यह पहल न केवल नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष सुनने का माध्यम बनी, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग की नई नींव भी रखी।

### गांव-गांव पहुंचा पुलिस का संवाद

24 अगस्त को थाना पलेरा, खरगापुर, बलदेवगढ़, बुडेरा तथा चौकी देवरधा और कनेरा क्षेत्रों में संवाद चौपालें आयोजित की गईं। इन चौपालों में थाना व चौकी प्रभारी, बीट अधिकारी, ग्राम प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएँ साझा कीं, वहीं पुलिस अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए और कई मामलों में त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



### जागरूकता और भरोसे की पहल

संवाद के दौरान ग्रामीणों को पुलिस सेवाओं और जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर और प्रत्यक्ष संपर्क सूत्र उपलब्ध कराए गए, ताकि किसी भी संकट की घड़ी में पुलिस तक तुरंत पहुंचा जा सके। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए, नशामुक्त जीवन की प्रेरणा दी और युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### प्रत्यक्ष संपर्क से हो रही विश्वास में बढ़ोतरी

थाना, चौकी और बीट प्रभारी अधिकारियों ने ग्रामीणों को अपने प्रत्यक्ष मोबाइल नंबर दिए। इसका उद्देश्य यह है कि किसी भी आपात स्थिति या अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस तक पहुँच सके। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब उन्हें अपनी समस्याएँ सीधे और बिना देरी बताए जाने का अवसर मिलेगा।



### जनझ्रपुलिस संबंधों को दी जा रही नई दिशा

ग्राम संवाद शिविर सिर्फ शिकायतों के निराकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पारदर्शी, भरोसेमंद और सहभागी पुलिसझ्रजन संबंध की ओर उठाया गया ठोस कदम है। इससे कानून व्यवस्था और मजबूत होगी और ग्रामीणों में सुरक्षा व आत्मविश्वास की भावना और सुदृढ़ होगी। जिससे पुलिस व आमजन के बींच बिश्वास में बढ़ोतरी होगी।

तकनीकी खामियों से त्रस्त पटवारी, किसानों की समस्याएं बढ़ीं, शासन पर दबाव

# पटवारियों की चेतावनी 1 सितम्बर से वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



तकनीकी खामियों से त्रस्त मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने प्रदेश सरकार और आयुक्त भू-अभिलेख को कड़ा संदेश दे दिया है। संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल में आ रही तकनीकी खामियों को तत्काल दूर नहीं किया गया, तो आगामी 1 सितम्बर सोमवार से प्रदेशभर के पटवारी पोर्टल पर होने वाले सभी कार्यों से विरक्त हो जाएंगे।

हालांकि पटवारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि वे अन्य शासकीय कार्य पूर्ववत करते रहेंगे। पटवारी संघ ने आरोप लगाया है कि शासन द्वारा बार-बार आश्वासन देने के बावजूद पोर्टल में सुधार नहीं किया गया है। इस कारण पटवारी स्तर से कई अहम कार्य रुके पड़े हैं, जिनमें राजस्व न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों का अमन, बसरा आधार ई-केवाईसी सत्यापन, साइबर तहसील नामांतरण, और बंटवारे जैसे मामले शामिल है। इन कार्यों के ठप्प होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संघ का कहना है कि किसान बड़ी संख्या में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करने को मजबूर हो गए हैं। पटवारी संघ ने यह भी आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री द्वारा त्वरित नामांतरण, बंटवारा और दुरुस्ती संबंधी घोषणाओं का अमल पोर्टल की गड़बड़ियों के कारण संभव नहीं हो पा रहा है। इससे न केवल किसान परेशान हैं, बल्कि जिले-दर-जिले अधिकारियों द्वारा पटवारियों पर दबाव डाला जा रहा है। संघ का कहना है कि कार्य न कर पाने की वास्तविक वजह तकनीकी दिक्कतें हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर पटवारियों को निलंबित करना, कारण बताओ नोटिस जारी करना और वेतन रोकना जैसी अनुचित कार्रवाइयाँ की जा रही हैं। पटवारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शासन ने शीघ्र ही वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल को पटवारी-फ्रेंडली बनाकर तकनीकी खामियों का समाधान नहीं किया, तो 1 सितम्बर से पोर्टल पर कोई भी कार्य नहीं होगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

टीएल बैठक में आंगनबाड़ी भर्ती प्रकिया में दर्ज आपत्तियों पर निष्पक्षता से निराकरण के दिए निर्देश

# अब आपकी तहसील में ही करेंगे जिला अधिकारी सुनवाई: कलेक्टर श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टी एल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने जनसुनवाई के लिए एक नई पहल करते हुये कहा कि प्रत्येक मंगलवार को जिले में तहसील स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में कलेक्टर श्रोत्रिय के साथ सभी संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जनसुनवाई में आमजन अपने आवेदन व समस्या कलेक्टर के समक्ष रख पाएंगे। जिले की प्रत्येक तहसील में अलग-अलग मंगलवार को यह जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में आगामी मंगलवार 26 अगस्त को बड़ागांव धसान में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। ज्ञातव्य है कि पहले प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत निर्धारित ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई की जाती थी।

टीएल बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने आकांक्षी ब्लॉक अभियान अंतर्गत पुरस्कृत बलदेवगढ़ ब्लॉक के सभी संबंधित अधिकारियों को सम्मानित किया एवं उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग मे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती प्रक्रिया में प्राप्त आपत्तियों के निराकरण गंभीरता और निष्पक्षता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने प्रधान मंत्री आवास योजना की रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा कर निर्देश दिए कि पीएमएवाय योजना के तहत बनाए जाने वाले आवास की कॉलोनी में वैध कॉलोनी के सभी मापदंडों का ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेंनिंग के पश्चात ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेंनिंग की रूपरेखा बनाने के लिए एवं अनुसूचित जाति व जनजाति छात्रावासों में छात्र छात्राओं के लिए रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए संबंधित विभाग को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहवीर योजना में जिला चिकित्सालय सहित अन्य अस्पतालों को ऑनबोर्ड किया जाए एवं राहवीर योजना के पोर्टल एवं प्रक्रिया के संबंध में जनजागरुकता बढ़ाई जाये। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने सीएम हेल्पलाइन में विभागवार लंबित शिकायतों का अवलोकन कर कम प्रदर्शन करने वाले विभागों को सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, आयुष्मान भारत योजना, विभिन्न विभागों के अंतर्गत ई-केवाईसी की प्रगति, सीएम डेस बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा, विभिन्न आयोगों, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त पत्रों के उत्तर भेजने की जानकारी, टीएल पत्रों पर की गई कार्यवाही, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों में दी गई समयसीमा में अभ्यावेदनों का समयसीमा में निराकरण व पंजी का संधारण की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम संस्कृति मुदित लिटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, जिला परियोजना अधिकारी सांख्यिकी विभाग रामबाबू गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ऊदल सिंह ठाकुर, पीओ डूडा शिवि उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### वन विभाग ने सागौन की लकड़ी के साथ ही बाइक भी जब्त की



**लटेरी।** बीती रात मुखबिर की सूचना पर दक्षिण परिक्षेत्र कार्रवाई करते हुए 2 बाइक सहित सागौन की लकड़ी जब्त की गई। शनिवार की दरम्यानी रात में लकड़ी चोरों द्वारा बाइक से सागौन की लकड़ी चोरी करने की सूचना प्राप्त होने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक चौधरी ने तत्काल टीम गठित कर मौके पर भेजी। वन अमले की टीम ने झूकर जोगी ग्राम के पास मेन रोड पर दो बाइक और अवैध रूप से ले जाई जा रही सागौन के 8 नग जब्त किए। वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण विवेक चौधरी के मार्गदर्शन में वन अमला पुष्पेंद्र डामोर,राजधर अहिरवार, मनोहर शर्मा, अफजल खां, अशफाक अली मौजूद रहे।

अवनीश बुंदेला ने जिले के वोटर कांड, मत्स्य विभाग कमीशन कांड व नवोदय मामले में की प्रेसवार्ता

# वोट चोरी में अब सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत उजागर: प्रदेश प्रवक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में सड़क पर संदिग्ध डले हुए मिले वोटर आआईडी कांड, मत्स्य विभाग में योजना के बदले मांगे गये 50 प्रतिशत कमीशन कांड, जबरन बंद के सीएम हेल्पलाइन 181 शिकायतों में नंबर बढ़ाने के मामले और नवोदय विद्यालय में संदिग्ध फांसी मामले को राजधानी स्तर पर उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अवनीश बुंदेला ने प्रेसवार्ता की है। जिसमें उन्होने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करने में लगी है। अब तक भाजपा पर केवल चुनाव में धांधली और वोट चोरी के आरोप लगते थे, लेकिन ताज़ा घटनाक्रम ने इस साजिश की गहराई और बढ़ा दी है।


### अब सरकारी कर्मचारी पर वोटचोरी का आरोप

हाल ही में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के आवास के पास रहने वाले स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी के घर से 42 मतदाता पहचान पत्र सड़क पर फेंके हुए मिले। और सबसे गंभीर बात यह है कि इस तथ्य को स्वयं कर्मचारी ने स्वीकार भी किया है। कांग्रेस का कहना है कि यह घटना साफ़-साफ़ दर्शाती है कि अब सिर्फ़ भाजपा नेता ही नहीं बल्कि सरकारी कर्मचारी भी इस बड़े षड्यंत्र का हिस्सा बन चुके हैं। बुंदेला का कहना है कि यह लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा प्रहार है और संविधान की खुली अवहेलना है। सत्ता के दबाव में प्रशासनिक तंत्र को भी इस काले खेल में झोंका जा रहा है, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

### भ्रष्टाचार और क़ानून व्यवस्था का काला सच

बुंदेला ने जिले को भाजपा की नाकामी और भ्रष्टाचार का आईना करार दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के विकास कार्य और प्रधानमंत्री आवास योजना में गहरा भ्रष्टाचार व्याप्त है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और घोटाले बार-बार स्थानीय समाचार पत्रों में सुर्खियाँ बनते रहते हैं। सबसे ताज़ा मामला मत्स्य विभाग का है। कर्मराई गाँव के किसान श्यामलाल रैकवार ने झींगा पालन के लिए लोन लिया और मुख्यमंत्री समृद्ध मत्स्य योजना के तहत सब्सिडी पाने हेतु महीनों तक चक्कर लगाए। लेकिन जिला मत्स्य अधिकारी ने उससे 50 प्रतिशत कमीशन की माँग की और 10 प्रतिशत एडवांस माँगने से भी पीछे नहीं हटी। इस मामले की लिखित शिकायत किसान ने कलेक्टर को सौंपी है और न्याय की गुहार लगाई है।





### कांग्रेस की मांग और चेतावनी साथ-साथ

कांग्रेस पार्टी ने इस पूरे मामले में सख़्त रुख अपनाते हुए माँग की है कि पूरे प्रकरण की न्यायिक जाँच कराई जाए। दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। भाजपा सरकार यह स्पष्ट करे कि मंत्रियों और सांसदों के आवासों के पास ऐसी संदिग्ध गतिविधियाँ क्यों होती हैं। जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर सरकार जवाबदेही तय करे। बुंदेला ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाएगी और भाजपा की सच्चाई को उजागर करेगी। लोकतंत्र, किसानों और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करना कांग्रेस का संकल्प है।

### *बदहाल कानून व्यवस्था और प्रशासन का दोहरा चेहरा*

*जिले की कानून व्यवस्था को भी सवालों के घेरे में लेते हुए बुंदेला नें कहा कि हाल ही में नवोदय विद्यालय की दलित छात्रा आस्था अहिरवार की संदिग्ध परिस्थिति में मौत ने पूरे जिले को हिला दिया है। वहीं, जुआ, सट्टा, हत्या, बलात्कार और दलित आदिवासियों पर अत्याचार जैसी घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। आम जनता बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी से त्रस्त है। इसके बावजूद जिला प्रशासन जमीनी हकीकत से मुंह मोड़कर सफलता का ढोल पीटता दिख रहा है। बुंदेला ने कहा कि जिले की पुलिस थानों के सामने केक काटकर जश्न मना रही हैं, क्योंकि 181 शिकायत समाधान में कुछ थाने टॉप पर आए। यह प्रशासन का दोहरा चरित्र है। क्योंकि एक ओर अपराध और आत्महत्या की घटनाएँ बढ़ रही हैं और दूसरी ओर अधिकारी जश्न मना रहे हैं।*

## मां पार्वती का मेला आयोजित, सर्पदंश से पीड़ित लोगों के बंध भी काटे

# जयकारों से गुंजायमान रहा मां पार्वती का दरबार, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



चंबल के बीहड़ों में विराजित मां पार्वती मंदिर पर सोमवार को वार्षिक धार्मिक मेला आयोजित किया गया। मेले में 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां पार्वती के दरबार में पहुंचकर हाजरी लगाई। इस दौरान मां पार्वती का दरबार माता के जयकारों से दिनभर गुंजायमान होता रहा। श्रद्धालुओं का दर्शन करने के लिए माता के दरबार में आने का क्रम सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा। वहीं मां के दरबार में सर्पदंश से पीड़ित लोगों के बंध भी काटे गए।

बीहड़ों के बीच विराजी मां पार्वती के मंदिर पर परंपरागत धार्मिक मेले का आयोजन ग्राम पंचायत जमूर्दी के तत्वाधान में सुबह मंदिर में मंगल आरती के साथ हुआ। मेले में सबलगढ़, विजयपुर, वीरपुर, श्यामपुर, रघुनाथपुर, ओछापुरा, टर्राकलां, ढोढर, खिरखिरी,बिलौनी आदि गांव से श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी। सूरज चढ़ते के साथ ही मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ के साथ मेला स्थल पर रौनक बढ़ती गई। मां के दरबार में पहुंची महिलाओं ने मां पार्वती के चरणों में सुहाग सामग्री अर्पित कर अखंड सुहाग का वरदान मांगा। क्षेत्र की खुशहाली की कामना को लेकर तमाम गांवों से आए पदयात्रियों ने झंडे चढ़ाए। दिनभर माता पार्वती के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं मंदिर में दर्शन करने के बाद श्रद्धालु दुकानों से श्रद्धालुओं ने शाम को सूर्यास्त के पहले ही मेला स्थल से सभी लोगों ने अपने घरों की और रवानगी डाल दी और शाम होने से पहले ही मंदिर सहित मैदान सुनसान हो गया। परंपरा के अनुसार इस दिन शाम ढलने के बाद किसी भी ईसान का रहना निषेध है। मंदिर पुजारी भी रात के समय नहीं रूकते। मेले के अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा प्रबंध के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर में पहुंचने श्रद्धालुओं के लिए कई संगठनों की ओर से भी जल पान आदि व्यवस्था की गई।

### पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

जिले की वीरपुर तहसील के प्रसिद्ध मां पार्वती मेले के मौके पर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा का माकूल प्रबंध किए गए। एसडीओपी पीएन गोयल और तहसीलदार वीरपुर सहित रघुनाथपुर डीएस मालवीय तथा आसपास के थानों का पुलिस फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा। जबकि यातायात पुलिस वाहन पार्किंग व्यवस्था को लेकर मुस्तैद बनी रही।

### धर्मप्रेमी लोगों ने श्रद्धालुओं के लिए लगाए भंडारे



मां पार्वती के मेले में दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के भोजन के लिए भंडारे आयोजित किए गए। इस बार चार भंडारे आयोजित किए गए,जिनमें एक तो भंडारा तो श्री मदन मोहन भक्त मंडल रघुनाथपुर के द्वारा आयोजित किया गया। जबकि तीन भंडारे जमूर्दी, ढोढर और श्यामपुर के धर्मप्रेमी लोगों के द्वारा आयोजित किए गए।

## 270 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा का जिम्मा

# छिमछिमा हनुमान मंदिर पर विशाल धार्मिक मेला आज, दर्शनों के लिए जुटेंगे लाखों भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयपुर



जिले के विजयपुर कस्बे से 09 किलोमीटर दूर धोवनी रोड पर स्थित चमत्कारिक श्री छिमछिमा हनुमान मंदिर पर मंगलवार 26 अगस्त को वार्षिक धार्मिक मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए जुटेंगे। मेले की सुरक्षा के लिए करीब 270 पुलिसकर्मी यहां तैनात कर दिए गए है।

उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर पर हर साल भादौ मास की अमावस्या के बाद पडने वाले प्रथम मंगलवार या शनिवार को विशाल धार्मिक मेला आयोजित किया जाता है। यह परंपरा सालों से चलती आ रही है। इस बार यह धार्मिक मेला 26 अगस्त मंगलवार को आयोजित होगा। इस एक दिवसीय धार्मिक मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए आएंगे। मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं में न सिर्फ श्योपुर जिले के श्रद्धालु,बल्कि मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, दिल्ली, इंदौर, जयपुर, भोपाल, दतिया, झांसी सहित अन्य कई शहरों के श्रद्धालु भी यहां आएंगे।

### मुरैना,भिंड और दतिया से आया पुलिस फोर्स

छिमछिमा हनुमान मंदिर पर आयोजित होने वाले धार्मिक मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस व प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए है। एसपी वीरेन्द्र जैन ने बताया है कि मेले की सुरक्षा के लिए 270 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को लगा दिया है। इसमें 3 डीएसपी,6 टीआई सहित भिण्ड,मुरैना और दतिया से आया पुलिस बल भी शामिल है। मंदिर के दर्शन करने के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालु और बाजार में खरीददारी करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भी अलग अलग व्यवस्था की गई है।

## महाराणा प्रताप नगर में सूने मकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

# पड़ोसी ही निकला चोर, पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



शहर के वार्ड क्रमांक 09 में कॉलेज के पीछे स्थित महाराणा प्रताप नगर कॉलोनी में करीब तीन सप्ताह पहले एक सूने मकान में हुई लाखों की चोरी का कोतवाली थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए चोर को उसके साथी के साथ दबोच लिया है,साथही चोरी का माल खरीदने वाले दुकानदार को आरोपी बनाते हुए उसकी भी तलाश शुरू कर दी है।

खास बात यह है कि चोरी करने वाले चोर पडोस के मकान में किराए से रहने वाला युवक निकला, जिसने मकान सूने होने का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। लेकिन घर से कुछ दूरी पर स्थित एक मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के जरिए पुलिस ने उसकी पहचान करते हुए उसे दबोच लिया। बता दे कि वार्ड क्रमांक 09 महाराणा प्रतापनगर कॉलोनी निवासी संतोष सिंह तोमर सरकारी शिक्षक है। जिनकी माताजी का निधन हो जाने के कारण वे अपने गांव मानपुर चले गए थे। इसी दौरान सूने हुए मकान में लाखों की चोरी हो गई। चोर नगदी और सोने चांदी के जेवर समेत 6 लाख से अधिक का माल समेट ले गया। 30 जुलाई को संतोष सिंह तोमर ने कोतवाली थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।इस मामले में एसपी वीरेन्द्र जैन ने गंभीरता दिखाते हुए कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित कर इस चोरी का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि चोरी की इस वारदात को महाराणाप्रताप नगर में ही रहने वाले दीपू उर्फ दीपेन्द्र जाट पुत्र रामस्वरूप जाट निवासी सूसवाडा को अंजाम दिया। इसके बाद चोरी के माल को उसके ही गांव के अजय जाट पुत्र शिवराम जाट के साथ मिलकर चूडी मार्केट श्योपुर में दुकान लगाने वाले लक्ष्मण सोनी के यहां चोरी का कुछ माल बेच दिया और उसके रूपए लेकर उसे आपस में बांट लिए। जबकि कुछ गहने अपने पास ही रख लिए।

### चोरी का माल खरीदने के बाद फरार हुआ दुकानदार

एसपी वीरेन्द्र जैन ने बताया कि आरोपी दीपू उर्फ दीपेन्द्र जाट तथा उसके साथी अजय जाट को गिरफतार कर लिया। जिन्होने पूछताछ के दौरान चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया,साथही उनके कब्जे से चोरी का करीब छह लाख रूपए माल बरामद कर लिया है। इस मामले में चोरी का माल खरीदने वाले दुकानदार लक्ष्मण सोनी को भी आरोपी बना लिया है,लेकिन वह फरार हो गया है,जिसकी तलाश की जा रही है।

### सूने मकान में चोरी से पहले चुराई थी बाइक

कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले दीपू उर्फ दीपेन्द्र जाट ने गत 14 जुलाई को शहर के बायपास रोड क्षेत्र से एक बाइक भी चोरी कर ली थी। नंबर प्लेट हटाने के बाद वह बाइक को अपने उपयोग में भी ले रखा था। पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली है। इस मामले में उनि कमलेन्द्र सिंह, उनि प्रदीप सिंह तोमर, एएसआई शीतेन्द्र सिंह, प्रआ रविशंकर शर्मा, आरक्षक रविन्द्र त्यागी,बृजमोहन यादव आदि की अहम भूमिका रही है।

# कॉलेज की समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को कॉलेज की छह सूत्रीय समस्याओं को लेकर कॉलेज में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। जिला संयोजक गणेश शर्मा और नगर मंत्री विष्णु बाल्मिकी के नेतृत्व में अभाविप कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के बाद कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलेज परिसर में सुधार,नियमित रेगुलर कक्षाए शुरू किए जाने,कॉलेज बस सेवा को शुरू करने, सभी प्राध्यापकों के नियमित रूप से उपस्थित होने,रेस ट्रैक के निर्माण को पूरा किए जाने, कॉलेज परिसर में सहायता केन्द्र बनाए जाने तथा हेल्प डेस्क को सभी जानकारी उपलब्ध कराने सहित अन्य कई समस्याएं उठाई। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य को अवगत कराया कि कॉलेज व्याप्त इन समस्याओं का जल्द दूर किया जाए,अन्यथा अभाविप चुप नहीं बैठेगी और 10 दिन बाद उग्र आंदोलन करेगी, क्योंकि इन समस्याओं के कारण कॉलेज विद्यार्थियों को कई समस्याओं का सामना करना पड रहा है। इस मौके पर सुनील गुर्जर, विभू शर्मा, अभिषेक मीणा, धुव्र गर्ग, अभिषेक सिकरवार, हंसराज गुर्जर, राकेश चौधरी, विशाल मेरोठा, मयंक मीणा,उदित तिवारी, जतिन जाट, होतम जाट, मनीष प्रजापति,नीरू मीणा, कविता जादौन, नूपुर श्रीवास्तव, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शक्तिदल की नगर कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

हिन्दू संगठन शक्ति दल नगर मंडल की एक बैठक शक्ति दल संस्थापक श्याम सिंह मीणा के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में नगर प्रमुख जसवंत राजपूत ने शक्ति दल संस्थापक श्याम सिंह मीणा, प्रीतम सिंह मीणा, भूपेंद्र सिंह गौड़, गुड्डु मीणा, रामबलवान मीणा की सहमति पर नगर कार्यकारणी का विस्तार करते हुए सुनील मीणा को नगर सह प्रमुख, जय बाथम को नगर रक्षा प्रमुख, अजय शिवहरे को नगर मीडिया प्रमुख, सूरज सिंह राजपूत को नगर सेवा प्रमुख, शिवम् राव को प्रचार प्रमुख, उमेश कुशवाह को गो रक्षा प्रमुख, रोहित शिवहरे को अखाड़ा प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों का बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। बैठक में भूपेंद्र सिंह गौड़, प्रदीप वर्मा, कार्तिक शिवहरे, सचिन राव आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पराली प्रबंधन को लेकर किसानों को किया जागरूक



**श्योपुर।** ग्राम आवदा में सोमवार को कृषि विभाग ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में आए किसानों को कृषि विकास अधिकारी अरूण कुमार शाक्य ने पराली प्रबंधन और पराली न जलाने को लेकर जागरूक किया। उन्होने किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि पराली प्रबंधन में उपयोगी कृषि यंत्रों हैप्पी सीडर,सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर तथा बेलर का आगामी धान की फसल में ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। इन यंत्रों पर सरकार की ओर से 40 प्रतिशत अनुदान का भी प्रावधान किया गया है। इस शिविर में उपस्थित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कराहल राजू जाटव,उद्यान विस्तार अधिकारी कमलेश माली ने भी किसानों को जागरूक करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधी मोहर सिंह आदिवासी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर, कृषि विस्तार अधिकारी बीपी गर्ग, जीएस सिकरवार सहित आवदा व बंधाली के किसान मौजूद थे।

### ईदमिलादुन्नबी 5 को

**श्योपुर।** ईद मिलादुन्नबी पर्व 5 सितंबर को मनाया जाएगा। इसकी जानकारी शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने देते हुए बताया कि शनिवार को चांद नहीं दिखाई देने के कारण रबी उल अव्वल माह का चांद रविवार को माना गया जिसके चलते सोमवार को रबी उल अव्वल की एक ओर 12 तारीख 5 सितंबर को मानी जाएगी। ज्ञात हो कि 12 रबी उल अव्वल को मुस्लिम समुदाय पैगंबर हजरत मोहम्मद का जन्मोत्सव मनाता है। इस दिन शहर में जुलूस निकाला जाता है और मदरसों में सीरतुन्नबी जलसे आयोजित होते हैं। शहर काजी ने मुस्लिम समाज खासकर युवा वर्ग से इस दिन शांतिपूर्वक तरीके से जुलूस निकालने और मदरसों में जागरूकता के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के अपील की है।

# युवक की तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अंधूपुरा के तालाब में एक युवक की उस समय डूबने से मौत हो गई,जब वह तालाब में नहाने के लिए पहुंचा था। विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम अंधूपुरा निवासी अपरवन रावत 20 वर्ष पुत्र भगवान सिंह रावत सोमवार को गांव के तालाब में नहाने के लिए गया था,नहाने के दौरान वह गहरे पानी में डूब गया,जिसका पता चलने पर वहां नहा रहे लोग उसे बचाने के लिए तालाब में कूदे और उसे ढूंढकर बाहर निकाला,लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हर्षोल्लास से मना बाबा रामदेवजी का जन्मोत्सव, शहर में निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



जन-जन की आस्था का प्रतीक लोकदेवता बाबा रामदेवजी का जन्मोत्सव सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी क्रम में जहां कराहल विकासखंड के कलमी गांव में आयोजित तीन दिवसीय मेले का समारोह पूर्वक समापन हुआ, वहीं जिला मुख्यालय पर रेगर समाज ने विशाल चल समारोह निकला।

वार्ड क्रमांक 20 रेगर मोहल्ला में स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर पर बीती रात भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को सुबह शहर में चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में बारिश ने थोड़े समय के लिए व्यवधान उत्पन्न जरुर किया लेकिन, श्रद्धालुओं की श्रद्धा को बारिश भी नहीं डिगा सकी। हल्की बारिश के बीच ही चल समारोह निकाला गया। भोई मोहल्ला मंदिर के पास से शुरू हुआ चल समारोह बड़ा इमामबाड़ा, किला रोड मोती टिकिया वालों के सामने से मैन बाजार होते हुए श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर तक पहुंचा। यहां से वापस चल समारोह टोड़ी गणेश बाजार, मालियों का मंदिर होता हुआ रेगर मोहल्ला स्थित बाबा रामदेव के मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुआ।

### हजारों श्रद्धालु पहुंचे कलमी मेले में

23 से 25 अगस्त तक कराहल विकासखंड के कलमी गांव में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय बाबा रामदेव मेले का सोमवार को समारोह पूर्वक समापन हुआ। मेले में कराहल, गोरस, श्योपुर सहित विभिन्न गांवों और राजस्थान तक से श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान मंदिर पर विभिन्न गांवों पदयात्रा कर लाए गए सैंकड़ों झंडे चढ़ाए गए। गुर्जर मारवाड़ी समाज ने अपने ईष्ट देवता के दर्शनों को आए श्रद्धालुओं के लिए खीर का प्रसाद वितरण किया। मेले के पहले दिन नाल दंगल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में कई पहलवानों ने जोर अजमाईश की।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी चड्डा ने वर्चुअली किया मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण

# हेल्थ की दृष्टि से प्रदेश में माइल स्टोन साबित होगी मेडिकल कॉलेज की सौगात: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



मध्य प्रदेश में 1 साल के भीतर जो मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं यह बड़ी बात है। हेल्थ की दृष्टि से ये मेडिकल कॉलेज सुविधा प्रदेश में माइल स्टोन साबित होगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जबलपुर में आयोजित एक समारोह में श्योपुर ओर सिंगरोली में मेडिकल कॉलेज का केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा वर्चुअली शुभारंभ करते हुए कही। इस दौरान नागदा स्थित श्योपुर के मेडिकल कॉलेज में भी भव्य आयोजन हुआ जिसमें जबलपुर से मेडिकल कॉलेज के वर्चुअली शुभारंभ का लाइव प्रसारण भी किया गया।


मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक साल के भीतर 9 मेडिकल कॉलेज खोले जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताते हुए कहा कि आज आदिवासी सुदूर अंचल में दो मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण अपने आप में विरल उदाहरण है। स्वास्थ्य सेवाओं पर सबसे पहले गरीब जरूरतमंद का अधिकार हो इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ही यह मेडिकल कॉलेज आदिवासी क्षेत्रों में खोले गए हैं। अब की सरकार से पहले वाली सरकारों के समय यह सोचा जाना भी संभव नहीं था। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी अच्छी सोच का नतीजा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मेडिकल कॉलेज खोले जाने की श्योपुर और सिंगरौली जिला वासियों को बधाई देते हुए कहा कि 2014 से पहले देश में इस तरह मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे सोचा जाना संभव भी नहीं था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने देश के हर प्रदेश हर पहुंच विहीन जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रयास किया है, यह प्रयास अभी और जारी रहेंगे। कोई व्यक्ति स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान योजना शुरू की है इस योजना के तहत एक व्यक्ति को 5 लाख रुपए तक के इलाज की गारंटी दी गई है। इस योजना के में 5 करोड लोग कवर किए गए हैं। विश्व में भारत इकलौता देश है जो अपने नागरिकों को इलाज की इस तरह गारंटी देता है। इससे पहले श्योपुर में जनप्रतिनिधियों और नेताओं के साथ अधिकारियों ने नागदा स्थित मेडिकल कॉलेज का विधिवत पूजा पाठ के साथ लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, कलेक्टर अर्पित वर्मा, विधायक बाबू जंडेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष नीरज जाट, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तुरसनपाल आदिवासी, उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र जाट तथा मेडिकल कॉलेज श्योपुर के डीन डॉ अनिल अग्रवाल सहित कॉलेज स्टाफ व बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नेता और अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने भोपाल से दिया वर्चुअली संबोधन

मेडिकल कॉलेज की सौगात के शिल्पी माने जाने वाले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भोपाल से वर्चुअली संबोधन दिए इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 से पहले प्रदेश में सिर्फ 6 मेडिकल कॉलेज थे और 10 वर्षों में बढ़कर 24 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। भाजपा के सरकार से पहले दूसरी सरकार के समय यह सोचना भी संभव नहीं था उन्होंने कहा कि मैं सांसद रहूं या ना रहूं लेकिन श्योपुर के लोगों ने मुझे जो स्नेह दिया है मैं उसे जीवन की अंतिम सांस तक नहीं भूलूंगा। आज जिले की सड़कों के हाल देखो और 2014 से पहले कंपेयर करोगे तो सोचना भी संभव नहीं होगा क्या हो चुका है। ब्रॉड गेज एक दो माह में सबलगढ़ तक पहुंच जाएगी। अगले साल तक श्योपुर से ग्वालियर मेमो ट्रेन के माध्यम से पहुंचना संभव होगा। उन्होंन कहां कि जब मैं श्योपुर में पहली बार चुनाव लड़ने आया तब श्योपुर को लोगों ने बीमारू जिला बताया था खास कर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में। में जहां जाता था लोग एक ही मांग करते थे कि अस्पताल में डॉक्टर भिजवा दो आज जिले में डॉक्टर बनाने की फैक्ट्री खुल गई है श्योपुर में मेडिकल कॉलेज ऐसा वैसा नहीं 100 सीट वाला है जो बड़ी बात है। अब मरीजों को इलाज के लिए राजस्थान जाने की जरूरत नहीं बल्कि राजस्थान के लोग इलाज कराने श्योपुर आएंगे। अभी 258 करोड़ का काम हुआ है इसमें नर्सिंग काम बाकी है पूरा प्रोजेक्ट 304 करोड रुपए का है।

# बडौदा के प्राथमिक स्कूल भवन की छत जर्जर,बच्चों संग अनहोनी होने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



बडौदा कस्बे के वार्ड क्रमांक 04 स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पढने वाले बच्चों के साथ कोई अनहोनी घटित हो सकती है। यह खतरा इस स्कूल की जर्जर हाल में पहुंची बिल्डिंग से उत्पन्न हो रहा है। स्कूल की छत पूरी तरह जर्जर हो गई है। कई जगह से प्लास्टर भी नीचे गिर गया है। युवा कांग्रेसी नेता भूपेन्द्र आर्य ने कलेक्टर अर्पित वर्मा का ध्यान इस तरफ दिलाते हुए इस मामले में जल्द प्रभावी कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है। युवा कांग्रेसी नेता भूपेन्द्र आर्य ने बताया कि बडौदा के वार्ड क्रमांक 04 में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की छत काफी जर्जर हो गई है। छत का कई जगह से प्लास्टर भी नीचे गिर गया है। लेकिन इसके बाद भी स्कूली बच्चों को इसी भवन में बैठाया जा रहा है। जिम्मेदारों की यह अनदेखी कभी भी इन स्कूली बच्चों की जान पर भारी पड सकती है और झालावाड जैसा हादसा यहां भी घटित हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### सिरोठिया को श्रृद्धांजलि कार्यक्रम आज



**बीना।** वरिष्ठ भाजपा नेता पंड़ित राकेश सिरोठिया की 20वीं पुण्यतिथि पर राजीव गांधी वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बने पंडित राकेश सिरोठिया स्मृति पार्क में सुबह 10 बजे श्रृद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहेंगे। श्री गुरु नानक झूलेलाल मंदिर में चले रहे चालीसा महोत्सव का सोमवार को हुआ समापन

### एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

**शिवपुरी।** रविवार की देर रात हुई अधिक वर्षा के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर की गैलरी में छत का प्लास्टर अचानक गिरने की घटना पर अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) ममता शाक्य तुरंत अस्पताल पहुंचीं और प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि वर्षा के कारण छत की नीचे की परत क्षतिग्रस्त होकर गैलरी में गिरी हुई है। एसडीएम शाक्य ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनकी सुरक्षा और सुविधा का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन समिति को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त हिस्सों का मरम्मत कार्य शीघ्र कराया जाए ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा या जोखिम का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान पिछोर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर संजीव वर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजेश शर्मा सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### वन परिक्षेत्र में अवैध उत्खनन, वाहन एवं पत्थर फर्सी जब्त

**शिवपुरी।** सामान्य वनमण्डल शिवपुरी के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र पिछोर में अवैध उत्खनन एवं परिवहन की गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्यवाही की गई। वनमण्डलाधिकारी सुधांशु यादव के निर्देशन तथा उप वनमण्डलाधिकारी करैरा आदित्य शांडिल्य के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्राधिकारी पिछोर ऋषभ बिसारिया एवं उनकी टीम द्वारा रात्रि गश्त की गई। गश्त के दौरान बीट पुरा क्षेत्र से एक आयशर 380 ट्रैक्टर, एक लोहे की टायर वाली गाड़ी एवं एक टर्बो गाड़ी, जिनमें पत्थर फर्सी भरे हुए थे, अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पकड़े गए। वहीं बीट चरकोला-बी में एक पावरट्रेक ट्रैक्टर को पत्थर फर्सी से भरी गाड़ी सहित जप्त किया गया। सभी वाहनों को जप्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। वनमंडलाधिकारी यादव ने क्षेत्र के ग्राम वासियों से अपील की है कि वे वन सुरक्षा में सहयोग प्रदान करें तथा किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें, जिससे समय पर कार्रवाई कर अपराधों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

### कुत्तों के काटने से हिरण के बच्चे की मौत



**बीना।** नौगांव-बरोदिया मार्ग पर कुत्तों के काटने से एक हिरण के बच्चे की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर गौ सेवा समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे और मृत हिरण के बच्चे को वन विभाग को सुपुर्द किया गया है। गो सेवा समिति सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया कि डायल 112 के द्वारा सूचना मिली कि नौगांव-बरोदिया रोड पर कुत्तों के काटे जाने से एक हिरण का बच्चा मृत अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंचकर गो सेवा समिति एवं डायल 112 के द्वारा मृत हिरण बच्चे को वन विभाग के सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर गो सेवा समिति सदस्य राजेंद्र यादव, शुभम सेन, अभिषेक विश्वकर्मा, अमन ठाकुर एवं डायल 112 से पायलट रोहित एवं आरक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं ग्रामीण मौजूद रहे रहे।

### पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, एक आरोपी को गिरफ्तार किया

# अवैध हथियार फैक्टरी से किए 10 हथियार, 3 कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा



शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराब की धरपकड, के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन एवं एसडीओपी आयुष जाखड के मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस को 23 अगस्त को इलाका भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त हुयी कि दो व्यक्ति ग्राम सिल्लारपुर में विजय जाटव के पुराने घर में अवैध हथियार बना रहे है।

पुलिस फोर्स ने बताये स्थान ग्राम सिल्लारपुर में विजय जाटव के पुराने घर के पास पहुंचकर देखा तो दो व्यक्ति एक पुराने कमरे के अंदर ठोका पीटी कर अवैध हथियार बनाने मे लगे थे। एक व्यक्ति फोर्स ने मौके पर पकड लिया। पकडे गये व्यक्ति का नाम प्रताप सिंह विश्वकर्मा पुत्र रशिकलाल विश्वकर्मा 50 साल नि ग्राम टोला रावत थाना मझगवाँ जिला हमीरपुर उ० प्र हाल नि कस्वा राठ थाना राठ जिला हमीरपुर का होना बताया एवं भागे हुये आरोपी के बारे में पूछा तो उसका नाम विजय जाटव पुत्र तुलाराम जाटव उम्र 22 साल निवासी सिलारपुर थाना करैरा का होना बताया तथा उसी के मकान में अवैध हथियार निर्माण करना व रहना बताया आरोपी प्रताप सिहं विश्वकर्मा के कब्जे से मौके पर कमरे में 315 बोर के कट्टे के 6 नग चालू हालत में तथा 3 नग निर्माण हालत में कुल 9 नग तथा एक 12 बोर बंदूक की बैरल एव बाडी निर्माण हालत मे तथा 03 नग 315 बोर के जिन्दा कारतूस 1 नग 315 बोर का खाली खोखा 1 नग 12 बोर का जिन्दा राउण्ड एंव रॉ मटेरियल तथा निर्माण सामाग्री जब्त कर विवेचना में लिया गया है।

### जब्त किया गया सामान

315 बोर के देसी कट्टे कीमती करीबन 95000 रुपये, 1 लोहे की 12 बोर की बैरल/बाँडी, 4 नग जिंदा राउण्ड कीमत 3300 रूपये, 3 लोहे के 2 पंखे, भट्टी, लोहे की कुल 30 स्प्रिंग, ड्रिल मशीन, लोहे का शिकंजा, लोहे का गट्टा 11500 रुपये, 2 हथोडे. 1 प्लास 2 संडशी, कुल 18 रेती, लोहे की 1 आरी, 2 फनर, डाई का हेण्डल क, 13 नग लोहे। की सुम्मी, 5 नग बैल्डिंग रॉड तथा बैल्डिंग पाउडर 35 नग बर्मा, 7 नग ग्रान्डर ब्लेड, 2 फायरिंग पिन 1 ट्रंगर गार्ड तथा 3 नग ट्रगर, 9 बांडी पार्ट तथा 01 इंची टेप, 1 रेडमी कम्पनी का मोबाइल तथा 1 ओप्पो कम्पनी का मोबाइल, कीमत -1,41,550 रुपये।

### सड़क पर ताजिया रखकर विरोध



# करबला के कुंड में मिल रहा नाले का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



चेहल्लुम के ताजिए शनिवार को शहर में निकाले गए थे और रविवार की सुबह उन्हें कर्बला में ठण्डा करने के लिए ले जाया गया। लेकिन करवला में गंदा पानी दिखाई देने के बाद मुस्लिम समाज ने कर्बला में ताजियां ठण्डा करने से इन्कार कर दिया। जिसके बाद प्रशासन मौके पर पहुंचा और समझाने का प्रयास किया गया। मुस्लिम समाज की और से सदर राजिद पटेल, सचिव शाहरूख खान मन्सूरी का कहना था कि शहर का नाला उसी कुण्ड में जाकर मिल रहा है जहां ताजियों को ठण्डा किया जाता है। इस गंदे पानी में जब कुछ बच्चे नहा रहे थे तो उन्हें शरीर में खुजली होने की शिकायत हुई। जिसके बाद नाले के पानी को साफ करने का प्रयास कैमिकल डालकर किया गया लेकिन उसके बाद भी पानी साफ नही हुआ। जिससे मुस्लिम समाज ने ताजिए सड़क के पास रख दिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीओपी विवेक शर्मा और देहात थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद मौजूद लोगों को समझाने का प्रयास भी किया गया कि आगे से ऐसा नहीं होगा। एक घण्टे तक यह विवाद चलता रहा। जानकारी मिलने के बाद नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया मौके पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। इस तरह के आश्वासन के बाद ताजियों को बरखेडा गांव के तालाब में ठण्डा किया गया।

### तालाब की दुर्दशा देखकर लोग परेशान हो रहे

# जीर्णोद्धार नहीं होने से बिना रेलिंग तालाब में गिरकर गोवंश की आए दिन हो रही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



अनुविभाग के दिनारा कस्बे के ऐतिहासिक तालाब का लंबे समय से जीर्णोद्धार नहीं होने से उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। स्थानीय लोगों की माने तो इस तालाब का निर्माण तत्कालीन महाराजा वीरसिंह जूदेव द्वारा कराया गया था। जिसको देखने क्षेत्र के दूरदराज से लोग आते थे। तालाब की सुंदरता को देखकर लोग हैरान हो जाते थे, लेकिन आज तालाब की दुर्दशा देखकर लोग परेशान हो रहे हैं। स्थिति यह है कि तालाब किनारे रेलिंग नहीं लगने से मवेशी इसमें गिरकर मौत का शिकार हो रहे हैं। साथ ही तालाब का पानी दूषित हो रहा है।

इसके बाद भी शासन-प्रशासन के अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे क्षेत्र का एकमात्र जल स्त्रोत अपना अस्तित्व खोता नजर आ रहा है। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते तालाब के किनारे रेलिंग ना होने से उसमें गिरकर मवेशियों की मौत हो रही है। क्षेत्र की सैकड़ों बीघा जमीन की सिंचाई कराने वाले इस तालाब की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। हालात ये हैं कि तालाब किनारे तोर मोदी स्कूल के तालाब के पास रेलिंग नहीं लगी है, इसके चलते गंभीर घटना होने की संभावना बनी हुई हैं। क्षेत्रीय जनता शासन प्रशासन से कई बार गुहार लगा चुकी हैं। तोर मोदी पुराना दिनारा बांध के घाट पर रेलिंग लग जाए, जिससे गंभीर घटना घटित होने से बच सकें। लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है।

### चालीसा महोत्सव का समापन हुआ

# हवन, पूजन व दिव्य आरती के साथ किया पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



सिंधी कॉलोनी स्थित श्री गुरु नानक झूलेलाल मंदिर में 40 दिनों से चल रहे चालीसा महोत्सव का सोमवार को समापन हुआ। इस मौके पर सुबह आरती हवन, दोपहर पूज्य बहिराणा साहिब जी, दिव्य श्री झूलेलाल चालीसा एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री झूलेलाल साईं जी की दिव्य आरती के साथ पुरस्कार वितरण में किए गए। चालीसा समापन महोत्सव में विधायक निर्मला सप्रे, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया एवं नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय सहित समाज के लोग उपस्थित हुए जिन्होंने भगवान श्री झूलेलाल का अभिषेक कर दिव्य आरती की। कार्यक्रम के दौरान पंडित विष्णु शर्मा (सोनू महाराज) ने बताया कि जब हमारे पूर्वज सिंध में रहते थे उस समय मिर्ख शाह बादशाह के द्वारा धर्म परिवर्तन के लिए बहुत ज्यादा मजबूर किया जा रहा था। उस समय हमारे बड़े बुजुर्गों ने चालीस दिवस तक एक अदृश्य शक्ति को याद करते हुए जल के समीप ऊं नमो भगवते वासुदेवः, जय श्री कृष्ण, सीताराम जैसे ईश्वर के अनेकों नाम का उच्चारण करते हुए भक्ति की। चालीस दिन तक लगातार एक समय भोजन किया तो कुछ ने तो जल पर ही रहकर भक्ति करते हुए धर्म बचाने का आह्वान किया और 40 दिन पूर्ण होने पर भगवान श्री झूलेलाल मछली पर विराजमान जल से प्रकट हुए और समाज से सनातन धर्म को कोई खतरा नहीं होने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ही जल्दी रत्न राय के घर माता देवकी के गर्भ से उत्पन्न होने जा रहा हूं और आप सभी का कल्याण करूंगा। हमारे भगवान अपने हाथ में शास्त्र लेकर चलते है और उन्होंने समाज को शास्त्र का ज्ञान दिया। उन्होंने कहा कि हमे अपने हाथ में कभी भी शस्त्र नहीं उठाना है। कार्यक्रम के दौरान मनोज शर्मा, प्रमोद सैनी, नंदकिशोर अहिरवार, विक्की राय, सौमेस उदासी, चंदू वाधवानी, बालचंद वाधवानी, अशोक कुकरेजा, मुरली कुकरेजा, राजकुमार सुंदरानी, हरेश वाधवानी, कैलाश नीलम, संजय वाधवानी, संजय नागवानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# इको फ्रेंडली श्री गणेश प्रतिमा का प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्रीराम संगीत एवं कला महाविद्यालय और स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी सिटी ऑफिस द्वारा इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण उत्सव का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो 4 दिवसीय है। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने मूर्तियां बनाने का प्रशिक्षण शिक्षक मुकेश सोनी द्वारा दिया जा रहा है। जिसकी डायरेक्टर रुबी गुप्ता ने बताया कि गतवर्ष की तरह इस वर्ष भी हम गणेश उत्सव शुरू होने के पहले



इकोफ्रेंडली गणेश बनाने का बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसमें खेत से काली मिट्टी मंगवाई गई साथ ही सारी सामग्री बच्चों को निःशुल्क दी गई और तीसरे दिन गणेश जी को रंगों से कलर करके उन्हें सजाया जाएगा। चैथे दिन जिन बच्चों की प्रतिमा सबसे सुंदर होगी गिफ्ट्स भी दिए जाएंगे और सभी बच्चों को कुछ न कुछ गिफ्टस भी मिलेंगे। साथ ही बच्चे अपने साथ गणपति जी को घर भी ले जा सकेंगे। इसमें स्टाफ के रामबाबू रघुवंशी, दिलीप सोनी, मीनू पटेल, सोना केवट, जाहिद खान,गौतम कौशल, आरजू सेठ, ऋषि डांस टीचर, खुशी जैन, शामिल रहे। साथ 30,40 बच्चे रोज गणपति बनाने के लिए श्रीराम संगीत एवं कला महाविद्यालय पर आकर प्रशिक्षण ले रहे है।

### सिविल अस्पताल चंदेरी में मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़

# महिला का जमीन पर बैठकर मासूम को निमोलाइज कराते वीडियो वायरल

**अशोकनगर।** चंदेरी नगर का सिविल अस्पताल आये दिन अव्यवस्थाओं को लेकर सुर्खियों मैं रहता है। कुछ दिन पहले ही टीन शेड में भर्ती मरीजों पर बारिस का पानी आते मरीज बॉटल हांथो मैं लेकर भागते नजर आए थे। लेकिन अब एक और वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक महिला मासूम बच्चे को जमीन में बैठकर निमोलाइज कराती नजर आ रही है।



इसके पास जूते चप्पल उतरे नजर आ रहे हैं। साथ ही लगातार लोग जूते चप्पल पहनकर निकलते नजर आ रहें हैं। जिसको देखकर कहीं न कहीं बीमार बच्चे की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे है। इस मामले मै जब जिम्मेदार अधिकारी से बात कि तो वह मरीजों की सुरक्षा से जुड़े इतने लापरवाही वाले मामले से अनजान नजर आए और बोले कि आपके द्वारा बताया गया है आगे से इसके लिए एक कक्ष बनबा देंगे जिससे ऐसे मामले सामने न आये। लेकिन देखा जाए तो कहीं न कहीं इस सिविल अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा के साथ हो रहे खिलवाड़ के लिए प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदार हैं। क्योंकि वर्षो से नवीन भवन की राशि स्वीकृत है लेकिम ढ़ाई साल से अभी तक निर्माण कार्य चालू नही हो सका है जिसके चलते वर्षों पुरानी इस बिल्डिंग में जगह कम है और मरीजों की संख्या अधिक होने के चलते आये दिन अव्यवस्थाओं के मामले सामने आते हैं।

### आज तीर्थ सुरक्षित हैं कल भी सुरक्षित रहेः मुनि पुंगव सुधासागर महाराज

# भारतीय जैन मिलन ने किया तीर्थ रक्षा को लेकर राष्ट्रीय अधिवेशन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आज जो तीर्थ क्षेत्र सुरक्षित हैं कल भी वे तीर्थ क्षेत्र सुरक्षित रहे इस हेतु भारतीय जैन मिलन तीर्थ क्षेत्र का दौरा करें। कमेटीयो के साथ बैठक करे और उन्हें हर तरह का सहयोग प्रदान करें। जैन मिलन एक सोशल संस्था है लेकिन जव इसके कार्यक्रम राष्ट्रीय तीर्थ रक्षा सम्मेलन की भावना लेकर आए तो हमें खुशी हुई भले आप मंगल पांडे की तरह सात कदम चलकर दम तोड़ दे। तो भी कोई बात नहीं कम-से-कम चलने का साहस तो किया।

यह बात आध्यात्मिक संत मुनिश्री सुधासागर महाराज ने अशोकनगर में तीर्थ रक्षा सुरक्षा सम्मेलन में आए जैन मिलन के सदस्यों और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देशभर के सैकड़ों लोग मौजूद है तो आज इतना ही कर लें कि अपने आसपास के किसी एक तीर्थ क्षेत्र की में सुरक्षा करूंगा। वह सभी व्यवस्थाओं पर नजर रखते हुए सभी कमियों को दुरूस्त कर चाबी कमेटी को सौंप देंगे। जहां विवाद है वह बैठ कर समाधान निकालेंगे। तीर्थ कोई छोटी मोटी चीज़ नहीं है यह हमारी संस्कृति सभ्यता के मायल स्टोन है। जो हमें राह दिखा रहे हैं कि आपके पूर्वज ऐसे थे जिन्होंने जंगलो में भारतीय संस्कृति को छिपा कर रखते हुए सुरक्षित रखा। अब आपकी जिम्मेदारी बनती है इन तीर्थ क्षेत्रों संरक्षित अगली पीढ़ी को सुपुर्द करें। यहे नैतिक कर्तव्य भी है धर्म भी है और हमारा अपने देश के प्रति कर्तव्य भी है।

### बड़े पुरुषार्थ करने के बाद छोटे से पुरूषार्थ से काम हो जाता है

उन्होंने कहा कि कभी हतास मत होना बहुत बड़े बड़े पुरुषार्थ करने के बाद छोटे से पुरूषार्थ से काम हो जाता है। कहते हैं कि डूबने वाले को तिनका भी सहारा बन जाता है वह इसी सोच के कारण छोटा-सा साधु संसार को सुखी करने के लिए प्रयास करता रहता है पता नहीं कौन सा छोटे से महाराज किसी का कल्याण हो जायें। एक महाराज के उपदेश से शेर को समझने को चले शेर हिरण का शिकार कर लोच लोंच कर खा रहा है उन्हें मालूम है कि ये तीर्थंकर भगवान रिषभ देव का पता था जब तीर्थंकर भी नहीं सुधार सके उस शेर को सुधारने बैठ गये। शेर भूखा है उसके मूंह में हिरण का मांस है फिर भी साधु महाराज समझाने लगते है। आप पूछ सकते हैं कि राम चन्द्र रावण को मारने पहुंच गए क्योंकि रावण संसार को दुखी कर रहा है इस संसार को सुखी बनाने के लिए तो अवतार लेकर आए फिर भी ये जगत सुखी नहीं हुआ। हम भी प्रयास कर रहे हैं आगे आने वाले मुनि महाराज भी प्रयास करेंगे जिंदगी में कभी हतास मत होना छोटा सा व्यक्ति काम आये तो आने देना कभी कभी बड़े लोग जो नहीं कर पाते वह हम से हो जाये दुनिया में कुछ कार्य ऐसे हैं जो बड़े बड़े लोग नहीं कर पाये उसे छोटा सा आदमी कर देता है महानुभाव दुशमन को कभी छोटा मत मानना अंत अंत भी हमला कर सकता है तुम कभी हतास मत होना एक छोटे से मौका मिलते ही आप संकट से निकल आयेंगे कहते हैं कि कल्पांत काल पवनोधयत वननी कलपम कहते हैं ठंडा खुन भी उवल पड़ता है मरने वाला भी खड़ा हो जाता है दुनिया से हतास होने वाला डिफेंस न में चले जाने वाले को ये सूत्र दे देना पांच वे छः नम्बर के सूत्र को फेरने लग जाना डिफेंस से बाहर निकल आयेगा इसको पढ़े अड़तालीस तालों में बंद कर दिया कैसे निकलैगे कोई बात नहीं सोहम तथा पी तव भक्ति वसान मुनिसा इसको पड़ते चले जाना चलों कोई बात नहीं ये ना बुल रहा हो तो छ बोलने लग जाना डिफेंस से बाहर आ जाओगे मंत्र दे रहा हूं कमरे में आकर नहीं पूछना जो प्रवचनों में निकल गया। जिंदगी भर धर्म करने वाला व्यक्ति कहो तो ऊ भी नहीं वोल पायें और पूरी जिंदगी पाप में डूबे रहने वाला व्यक्ति भी मरते समय ऊं बोल रहा है उसकी सद्गति निश्चित होगी इसलिए कभी हतास मत होना बहुत छोटा सा भी मंत्र ऊं बोल रहे थे उसी समय आयु वंध हो गया तो उसकी सद्गति होना निश्चित है।

### सांगली महाराष्ट्र से पदयात्रा का सोमवार को होगा नगर प्रवेश

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज ससंघ को को महाराष्ट्र ले जाने की भावना लेकर सांगली महाराष्ट्र से लगभग 1250 किलोमीटर दूर से जगतपूज्य सुधासागर महाराज के दर्शन करने हेतु एक 16 सदस्य दल अशोकनगर पद यात्रा करते हुए आ रहा है ये सभी पदयात्री सोमवार को आ रहे हैं श्री दिगंबर जैन पंचायत एवं युवा संस्थाओं के संयोजन में अशोकनगरस्वागत करने कल सुबह 7 बजे नई गल्ला मंडी पहुंचेंगे जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघ ई मनोज रन्नौद थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो ने सभी से निवेदन किया है आप सभी उपस्थित होकर उन पदयात्रियों का स्वागत वंदन अभिनंदन करें।